## एक नजर में

### सीमेंट से भरा ट्रक पलटने से दो की मौत, आठ घायल

**छिंदवाड़ा.** शनिवार को थाना दमुआ के क्षेत्र अंतर्गत झिरीघाटी में सिमेंट से भरा ट्रक आनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में ट्रक में सवार दो लोगों की मौत हो गई वहीं आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को जिला अस्पताल भेजा गया है वही 7 घायलों का दमुआ अस्पताल में उपचार किया जा रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमपी 28 जेडएम 9111 हमालों को लेकर छिंदवाड़ा रैक पाइंट पाइंट आया था और रैक पाइंट से सिमेंट भर कर रामपुर तानीसी की सीमेंट खाली करने के लिए जा रहा था. ट्रक शाम तकरीबन 4:30 बजे दमुआ के समीप झिरीघाटी के नीचे पहुंचा.

### दिवंगत शिक्षक को साथियों ने दिए 40 लाख

**मन्दसौर.** प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गोविन्दराम गेहलोत (माध्यमिक शिक्षक शा. हाईस्कूल आकोदडा, जिला-मंदसौर) ने बताया कि, दमोह जिले के शिक्षक स्व. दिलीप सिंह लोधी की असमय मृत्यु उपरांत उनके पुत्र-पत्नी को संघ के रजिस्टर्ड शिक्षक-शिक्षिकाओं ने 40 लाख रुपये की राशि 15 दिन में ऑनलाइन के माध्यम से उनके खातों में जमा की गई. पीयूएमएस मध्यप्रदेश स्तर पर नवनिर्मित शिक्षक संघ का उद्देश्य असमय दिवंगत होने वाले शिक्षक-शिक्षिका साथी को प्रदेश के पंजीकृत सभी शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन सीधे नॉमिनी के खाते में संगठन के नियम अनुसार सहयोग प्रदान किया गया.

### गाड़ी से मिले 4.50 लाख और 35 शीशी कफ सिरप

**रीवा.** रीवा जोन आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार 2.0 के तहत हनुमना पुलिस ने नशीली कफ सिरप के साथ तीन तस्करो को गिरफ्तार किया है. मौके पर आरोपियों की कार की तलाश के दौरान चार लाख से ज्यादा कैश और नशीली कफ सिरप जप्त की गई है. फिलहाल पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध एसडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है. शुक्रवार की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की टोयोटो कम्पनी की कार मे ड्राईवर सहित तीन व्यक्ति बैठे है. उक्त कार के डिग्गी मे काफी मात्रा मे अवैध नशीली कफ सीरप रखकर बिक्री करने के लिए बडकुड़ा बार्डर तरफ से हाईवे होते हुए मउगंज सीधी जाने वाले है.

# राघवाचार्य के विरुद्ध परिवाद पर नए सिरे से होगी सुनवाई

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य पर अनर्गल टिप्पणी से जुड़ा मामला

**जबलपुर, 20 दिसंबर. अपर सत्र न्यायाधीश प्रवेंद्र कुमार सिंह की अदालत ने जेएमएफसी कोर्ट का वह आदेश निरस्त कर दिया है, जिसके जरिए जगदगुरु राघवाचार्य के विरुद्ध परिवाद पर क्षेत्राधिकार न होने के आधार पर सुनवाई से मना कर दिया गया था.**

प्रकरण तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य पर अनर्गल टिप्पणी से जुड़ा है. सत्र न्यायालय ने जेएमएफसी कोर्ट के पूर्व आदेश को अनुचित करार दिया है. इसके साथ ही परिवाद पर नए सिरे से सुनवाई के निर्देश जारी किये हैं.



परिवादी जबलपुर निवासी राम प्रकाश अवस्थी की ओर से यह मामला दायर किया गया है. जिनकी ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा. उन्होंने दलील दी कि परिवादी तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य का दीक्षित शिष्य और बीएसएनएल में कार्यरत कर्मचारी नेता है. उसने जगदगुरु राघवाचार्य द्वारा रामभद्राचार्य के विरुद्ध इंटरनेट मीडिया पर जारी अपमानजनक बयान को गंभीरता से लेकर आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग की थी. परिवादी ने जबलपुर में उक्त वायरल वीडियों सुना था, जिसके बाद कानूनी कार्रवाई का निर्णय लिया. आवेदक की ओर से कहा गया कि जेएमएफसी कोर्ट द्वारा उसके परिवाद को क्षेत्राधिकार के आधार पर निरस्त करना सर्वथा अनुचित है. सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांतों की रोशनी में इस तरह के परिवाद को सुनने से मना नहीं किया जा सकता. दरअसल राघवाचार्य ने अपने बयान में कहा था कि रामभद्राचार्य द्वारा ब्रह्मसूत्र पर लिखा गया भाष्य कचरा है. एक अंधे व्यक्ति को आचार्य बनने का अधिकार नहीं है. रामभद्राचार्य स्वयंभू संत हैं. इस बयान का वायरल वीडियों सुनने के बाद परिवादी के जबलपुर निवासी रिश्तेदार व परिचित तंज कस रहे थे, जिससे उसे एहसास हुआ कि न केवल गुरु और शिष्यों का बल्कि सनातन धर्म का भी अपमान किया गया है. इसीलिए परिवाद दायर किया गया. लेकिन जेएमएफसी कोर्ट ने यह कहकर सुनवाई से मना कर दिया कि जिस वीडियों को चुनौती दी गई है, वह जबलपुर का नहीं है.

### परिजन देते हैं आत्महत्या करने की धमकी

**जबलपुर.** पति के द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में पेश की गयी पत्नी ने युगलपीठ को बताया कि वह हमेशा से पति के साथ रहना चाहती है. परिजन ऐसा करने पर आत्महत्या करने की धमकी दे रहे हैं. हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस राम कुमार चौबे युगलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए कहा है कि शादीशुदा होने के कारण कोई भी धमकी उनके वैवाहिक रिश्ते को खत्म नहीं कर सकती है. युगलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए पुलिस को निर्देशित किया है कि वह सुरक्षा में पत्नी को पति के पास पहुँचाये. सिवनी के बरघाट निवासी युवक की तरफ से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया था कि उसने छिंदवाड़ा निवासी युवती से रजिस्टर्ड विवाह किया है. उसकी पत्नी को मायके पक्ष ने जबरदस्ती बंधक बनाकर रखा हुआ है.

### सिर्फ एक लाइन का आदेश जारी करना निंदनीय

**जबलपुर.** सरकार की तरफ से दायर अपील की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि सिर्फ एक लाइन का आदेश जारी करना निंदनीय है. अपीलीय कोर्ट के किसी ज्यूडिशियल ऑफिसर से यह उम्मीद नहीं की जाती कि वह केस की मेरिट्स पर बिना जाए और सबूतों पर चर्चा किए बिना इतना छोटा, रहस्यमय और बिना तर्क आदेश जारी कर दें. हाईकोर्ट जस्टिस राजेन्द्र कुमार वाणी ने उक्त अपीलीय कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए पुनः प्रकरण की सुनवाई के आदेश जारी किये हैं. सरकार की तरफ से दायर की गई भोपाल जिला न्यायालय के अपीलीय कोर्ट के द्वारा अनावेदक बाबूलाल मालवीय को दोषमुक्त किये जाने को चुनौती दी गयी थी.

# करोड़ों की ठगी के आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी

**पिपलियामण्डी, 20 दिसंबर. करोडों की ठगी के एक गंभीर मामले में आरोपी ने अब फरियादी व्यापारी को खुलेआम जान से मारने की धमकी दी है. आरोपी ने व्हाट्सएप पर ऐसे संदेश भेजे हैं, जिनसे न केवल फरियादी बल्कि आम नागरिकों में भी भय का माहौल बन सकता है.**

पुलिस थाना नारायणगढ़ ने मामला जांच में लिया है. जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 13, नारायणगढ़ निवासी विनय कुमठ पिता अजीत कुमठ ने बताया कि पेशे से मोबाइल व्यापारी हैं और कुमठ मोबाइल नाम से दुकान संचालित करते हैं. फरियादी ने बताया कि जनवरी 2025 में उसने अजय राठौर निवासी मल्हारगढ़ एवं उसके सहयोगी के विरुद्ध करोड़ों रुपए की ठगी के मामले में थाना वायडीनगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी. इसी ठगी के मामले में आरोपी बनाए गए अजय राठौर ने अब बदला लेने की नीयत से जान से मारने की धमकियां देना शुरू कर दिया है. फरियादी आरोपी अजय राठौर ने अपने मोबाइल नंबर से फरियादी के मोबाइल पर व्हाट्सएप के जरिए बेहद आपत्तिजनक और खतरनाक संदेश भेजे.

# निरोगी व विकसित जिला बनाने का संकल्प

## प्रभारी मंत्री ने कहा- मोहन सरकार के दो साल बेमिसाल

**सिंगरौली 20 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर आज दिन शनिवार को जिले में प्रभारी मंत्री ने प्रेसवार्ता कर सरकार की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का ब्यौरा दिया.**

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि सिंगरौली को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर, निरोगी और पूर्ण विकसित जिला बनाना. मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सेवक की भावना से कार्य करते हुए प्रदेश की जनता के विश्वास को जीतने का काम किया है. पिछले दो वर्षों में सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी, सड़क और बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं. यही समृद्ध म.प्र. की नींव है. स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़ा विस्तारप्रभारी मंत्री ने बताया कि प्राथमिकता निरोगी काया सुनिश्चित करना है.



भाजपा सरकार ने अब तक प्रदेशभर में 30 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए हैं. 2003 से पहले जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब केवल 6 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज हर संभाग में स्वास्थ्य संस्थान की व्यवस्था है. सिंगरौली मेडिकल कॉलेज में पहले 200 सीटें थीं, अब 400 सीटों को मंजूरी दी गई है. कॉलेज में 605 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है, जिससे मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार मिल सके. उन्होंने कहा कि देवसर और चितरंगी क्षेत्रों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है.

# पीसीसीएम सेंट्रल रेलवे ने खंडवा स्टेशन का किया निरीक्षण

**खंडवा, 20 दिसंबर. सेंट्रल रेलवे मुंबई से प्रिंसिपल चीफ़ कमर्शियल मैनेजर अरविन्द मालखेड़े ने खंडवा स्टेशन का आज औचक निरीक्षण किया.**

इस मौके पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और चेंबर ऑफ कॉमर्स की और से रेल यात्री सुविधाए बढ़ाने और गुड्स यार्ड में सुविधाओं में वृद्धि करने के लिए पत्र सौंपा गया. रेल समिति सदस्य मनोज सोनी, प्रवक्ता सुनील जैन और सुभाष जोशी ने अरविंद मालखेड़े का मोती की माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तथा खंडवा रेलवे संबंधित मांगे रखी. जिसमें खंडवा से थ्रू निकलने वाली ट्रेन संख्या 22171/71 रानी कमलापति पुणे और 02131/32 जबलपुर पुणे साप्ताहिक का कमर्शियल स्टॉपेज देने की मांग की मनोज सोनी ने कहा दोनों ट्रेनों का खंडवा से छोटे स्टेशनों पर स्टॉपेज है लेकिन खंडवा जैसे बड़े स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं दिया गया है.

जबकि यहां से पुणे के लिए यात्रियों द्वारा और अधिक ट्रेनों की मांग की जा रही है. खंडवा बुरहानपुर के लिए ट्रेनों में कोटा देने की भी मांग रखी. खंडवा गुड्स यार्ड में व्यापारियों को लोडिंग अनलोडिंग में आसानी हो इसको लेकर सुविधाएं बढ़ाने की मांग रखीं.

# यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोका

## आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देने जा रहे युवाओं की घेराबंदी



**सरई 20 दिसंबर. जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके के सरई आगमन से ठीक पहले सरई पुलिस ने यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घेराबंदी कर रोक दिया.**

यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता सरई नगर और आसपास के क्षेत्रों से जुड़ी गंभीर जनसमस्याओं को लेकर मंत्री को आठ सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपने जा रहे थे, लेकिन पुलिस की कार्रवाई के चलते उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया गया. यूथ कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वे पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से ज्ञापन देने जा रहे थे, इसके बावजूद पुलिस ने पहले से ही बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया.

इससे प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर जनता की आवाज को क्यों दबाया जा रहा है. साथ ही यूथ कांग्रेस द्वारा उठाई गई मांगों में सरई रेलवे स्टेशन परिसर में बने कोल यार्ड को हटाने की प्रमुख मांग शामिल है.

### 2006 से पूर्व सेवानिवृत शासकीय सेवक को मिलेगा छठवां वेतनमान

**जबलपुर.** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाले फैसले में वर्ष 2006 से पहले सेवानिवृत हुए सरकारी सेवक को छठवें वेतनमान का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए हैं. यह फैसला अनेक ऐसे सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए राहत लेकर आया है, जिन्हें अब तक इस लाभ से बंचित रखा गया है. इस प्रकरण में याचिकाकर्ता भोपाल निवासी श्रीमती प्रेमलता श्रीवास्तव हैं, जो वर्ष 2004 में शासकीय सेवा से सेवानिवृत हुई थीं, उन्होंने न्यायालय में याचिका दायर कर यह अनुरोध किया था कि उन्हें छठवें वेतनमान के अनुसार वेतन पुनर्गठन, संशोधित पेंशन एवं बकाया राशि का भुगतान किया जाए.

# किसानों और स्ट्रीट वैंडरों की आय बढ़ाने होगा मंथन

**ग्वालियर, 20 दिसंबर. एफएसएसएआई द्वारा आईआईटीटीएम में स्ट्रीट फूड वेंडर प्रशिक्षण एवं किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम 21 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है, जिसके मुख्य अतिथि सांसद भारत सिंह कुशवाह होंगे.**

कार्यक्रम में ग्वालियर के आसपास के 600 स्ट्रीट फूड वेंडर एवं 300 किसान शिरकत करेंगे. विशेष अतिथि एफएसएसएआई की क्षेत्रीय निदेशक प्रीति चौधरी होंगी. सुबह के सत्र की शुरूआत आलू की फसल का उत्पादन, खेती की अर्थव्यवस्था, लाभप्रदता तथा खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के साथ एकीकरण जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी. कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों का बाजार से जुड़ाव, मूल्य संवर्धन तथा उत्पादन स्तर पर खाद्य सुरक्षा के पहलुओं की बेहतर समझ प्रदान करना है. दोपहर एवं शाम के सत्र स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए आयोजित किए जाएंगे जिनमें खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन स्ट्रीट फूड वेंडर्स जागरुकता प्रशिक्षण एवं कुलिनरी कार्यशाला शामिल होगी.



### चार दिन बाद भी चितरंगी पुलिस खाली हाथ

**चितरंगी.** जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्थुआ बाजार में स्थित एक ज्वेलरी दुकान में हुई 37 लाख रुपये की बड़ी चोरी ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है. हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर वारदात को चार दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है. चोरी की यह घटना चितरंगी पुलिस के नोडल प्वाइंट से महज कुछ कदमों की दूरी पर हुई, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से ज्वेलरी दुकान को निशाना बनाया और लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात समेट कर फरार हो गए.

# नागर सिंह ने किया विकासकार्यों का लोकार्पण

## बच्चों को बांटी साइकिल

**आलीराजपुर, 20 दिसंबर. भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर प्रदेश के हर जिले हर विकासखंड से लेकर ग्राम ओर फलियों तक विकासकार्यों में निरंतर कार्यरत हैं.**

केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार का लक्ष्य प्रदेश में रहने वाले हर अंतिम छोर तक के रहवासियों को हर मौलिक सुविधाओं की उपलब्धता के लिए वचनबद्ध होकर सबका साथ सबका विकास नारे को चरितार्थ कर रही है. हम बिना पक्षकपात किए सिर्फ विकासकार्यों पर फोकस कर कार्यरत हैं. जो जो वादे हमारे द्वारा विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के समय किए उनको हमने पूर्ण करते हुए क्षेत्र में वो सब कार्य कर दिए, जो ग्रामीण भाइयों बहनों की मांग थी. आगे भी विकासकार्यों का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा. यह बात कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने आज अपने प्रवास के दौरान कही. विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि आज कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा अपने जिले के विभिन्न ग्रामों में प्रवास कर ग्रामीणों को कई सौगातें दी, जो सीधे तौर पर ग्राम के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करेगी. सर्वप्रथम कैबिनेट मंत्री चौहान आजंदा पहुंचे जहा उन्होंने नवनिर्मित ही स्कूल भवन का अवलोकन किया.



### वन विभाग ने 300 बीघा जमीन मुक्त कराई, दर्जन भर जेसीबी से फसल नष्ट

**शिवपुरी, 20 दिसंबर.** जिले में वन विभाग ने वन भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ व्यापक स्तर पर सख्त कार्वाई की है. इस अभियान के तहत 100 से अधिक कर्मचारियों, 12 जेसीबी मशीनों और 3 ट्रैक्टर-कल्टी वेटरों की मदद से 300 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया. यह कार्वाई सामान्य वनमण्डल शिवपुरी अंतर्गत वन परिक्षेत्र करैरा की सबरेंज अमोला-उत्तर, बीट बांसगढ़ के कक्ष क्रमांक आर.एफ.-444 एवं आर.एफ.-445 बरुआ नाला में की गई. सूवेलाल ठाकुर, चतुर ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, (निवासी आमोलपठा) सहित अन्य सहयोगियों द्वारा इस वन भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर खेती की जा रही थी.

# 6 लाख क्विंटल उपार्जन केन्द्रों में हुई धान खरीदी



**सीधी 20 दिसम्बर. जिले में 6 लाख क्विंटल से अधिक उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी हो चुकी है. वहीं 2 लाख क्विंटल से अधिक धान का परिवहन तथा 23 करोड़ से अधिक राशि का कृषकों को भुगतान किया जा चुका है.**

गौरतलब है कि सीधी जिले में धान खरीदी का सिलसिला 1 दिसम्बर 2025 से औपचारिक रूप से किया गया. धान खरीदी के गति में तेजी एक सप्ताह बाद आना परिलक्षित हुई. आरंभ में जहां 39 उपार्जन केन्द्र बनाये गये थे उनकी संख्या अब बढक़र 49 हो गई है. सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य इन दिनों काफी तेजी से चल रही है. सीधी जिले में धान बिक्री के लिये कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या 30679 है. 20 दिसम्बर 2025 की स्थिति में स्लाट बुकिंग की संख्या 26006 है. वहीं कुल उपार्जित मात्रा 628526.80 क्विंटल वहीं उपार्जन केन्द्रों में रेडी टू ट्रांसपोर्ट धान 456113.54 क्विंटल है. किसानों से अभी तक खरीदी गई धान में 148.90 करोड़ को भुगतान होना है जिसमें 23.52 करोड़ का भुगतान किसानों को बैंक खाते के माध्यम से किया जा चुका है. सीधी जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिये सभी आवश्यक इंतजाम किये गये हैं.

### जिला आपूर्ति अधिकारी धान उठाव की सतत कर रही मानीटरिंग

जिला आपूर्ति अधिकारी प्रियल यादव द्वारा उपार्जन केन्द्रों में धान उठाव की सतत मानीटरिंग कर रही हैं. धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी के पश्चात धान का उठाव जल्द से जल्द हो इसके लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बनाई गई हैं. उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वह खरीदी गई धान को परिवहन के लिये पूरी तरह से तैयार करके रखें. जिससे वाहन आने पर लोडिंग का कार्य समय पर पूरा किया जा सके.

**आयोजन** केन्द्रीय गृह मंत्री का सेमरिया क्षेत्र में आगमन हमारे लिए गौरव का क्षण : उप मुख्यमंत्री

# शुक्ल ने सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 दिसंबर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौअभ्यरण्य में 25 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्राकृतिक खेती माडल के लोकार्पण तथा किसान एवं सहकारिता सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया.**

उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल, नवनिर्मित भोजन शाला, गौशाला, मंदिर तथा प्राकृतिक खेती के लिए बनाये गये विभिन्न प्रकल्पों का निरीक्षण किया. उप मुख्यमंत्री ने गौअभ्यारण्य के प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित बैठक में सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 दिसंबर को बसामन मामा गौअभ्यारण्य का दौरा करेंगे. केन्द्रीय गृह मंत्री किसान एवं सहकारिता सम्मेलन में निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन करने के साथ विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे. केन्द्रीय गृह मंत्री बसामन मामा गौअभ्यारण्य का भ्रमण कर गौवंश की सेवा के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी लेंगे. साथ ही उद्यानिकी तथा खेती के लिए गौअभ्यारण्य में विकसित किये जा रहे प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए माडल का लोकार्पण करेंगे. इस माडल में जैविक विधि से उगाये गये पौधे, जैवविविधता से जुड़े 60 तरह के बीज तथा 12 तरह के जैविक खाद कीटनाशकों का प्रदर्शन किया जायेगा. केन्द्रीय गृह मंत्री का सेमरिया क्षेत्र में आगमन हमारे लिए गौरव का क्षण है. उप मुख्यमंत्री ने सम्मेलन की मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन की पार्किंग, साफ-सफाई तथा पेयजल व्यवस्था तथा बिजली की आपूर्ति के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये.



बैठक में उपस्थित अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर तथा एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल ने सम्मेलन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी. गौअभ्यारण्य प्रबंधन समिति के सचिव सेवानिवृत्त उप संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा ने गौअभ्यारण्य में किये जा रहे कार्यों का विवरण दिया. बैठक में जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, राजेश पाण्डेय अन्य जनप्रतिनिधिगण संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. उप मुख्मंत्री ने बसामन मामा तीर्थ जाकर दर्शन तथा पूजा अर्चना की.

# एसपी ने किया रात्रिकालीन वाहन चेकिंग पॉइंट्स का औचक निरीक्षण

**रतलाम। एसपी अमित कुमार द्वारा शहर की कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से बीती रात्रिकालीन वाहन चेकिंग पॉइंट्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर चल रही यातायात चेकिंग की स्थिति का जायजा लिया गया।**

रात्रि भ्रमण के दौरान एसपी ने दिलबहार चौराहा, छत्रीपुल, अलकापुरी चौराहा एवं 80 फीट रोड पर लगाए गए वाहन चेकिंग पॉइंट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चेकिंग की कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रिकालीन चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच, यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष निगरानी रखने, तथा आम नागरिकों के साथ शालीन एवं विनम्र व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही चेकिंग के दौरान सतर्कता एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। एसपी ने निर्देशित किया कि शहर में रात्रि गश्त एवं वाहन चेकिंग को प्रभावी बनाकर अपराधों पर नियंत्रण रखा जाए तथा आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। पुलिस द्वारा शहर की कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने हेतु इस प्रकार के निरीक्षण एवं चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे।